पूर्व मध्य रेल मुख्यालय शाखा एवं मुकाधि/प्रशासन के मध्य दिनांक 05.07.17
को हुयी स्थायी वार्त्ता तंत्र की बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थिति

प्रशासन पक्ष से (सर्व श्री/श्रीमती)			यूनियन पक्ष से (सर्व श्री/श्रीमती)		
1	बी.के.सिंह	मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन	1	दीनानाथ प्रसाद	अध्यक्ष
2	नरेन्द्र सिंह	मुख्य इंजीनियर/निर्माण/दक्षिण	2	लाल मोहन सिंह	अध्यक्ष/निर्माण
3	डॉ. श्यामल दास	मुख्य स्वास्थ्य निदेशक	3	लाल शंकर	उपाध्यक्ष
4	यू.एफ.कुजूर	मुख्य कारखानाइंजीनियर	4	नरेश कुमार	उपाध्यक्ष/निर्माण
5	श्री सत्येन्द्र कुमार	महासचिव, क्रीड़ा संघ/हाजीपुर	5	डी.के.एन.तिवारी	उपाध्यक्ष/निर्माण
6	एस.सी.श्रीवास्तव	उपमुख्य कार्मिक अधिकारी/निर्माण	6	एन.के.पांडे	कार्यकारी अध्यक्ष
7	बी.के.सिंह	उप महाप्रबंधक/सा.	7	अजय कुमार पाठक	कार्यकारी अध्यक्ष
8	पी.के.सिन्हा	उपमुख्य सामग्री प्रबंधक/विद्युत	8	राकेश प्रकाश सिंह	उपाध्यक्ष
9	मोसाफिर पासवान	उपमुख्य संरक्षा अधिकारी/एसएंडटी	9	सुनील कुमार	शाखा सचिव
10	यशपाल कुमार	उपमुख्य इंजीनियर/सा.	10	मनीष कुमार	केन्द्रीय संगठन सचिव
11	मंजर हसन	उपवित्तसमुलेधि/सा.	11	छवीला प्रसाद सिंह	संयुक्त सचिव
12	एन.के.सिंह	उपमुख्य वाणिज्य प्रबंधक/या.से	12	संजय कुमार सिंह	सहायक सचिव
13	उमेश कुमार	उपमुख्य विद्युत अभियंता/हाजीपुर	13	मनोज पासवान	कोषाध्यक्ष
14	बी.के.दास	उपमुख्य परिचालन प्रबंधक	14	अजय मणि तिवारी	शाखा सचिव/नि.
15	सूर्यनारायण	उपमुख्य कार्मिक अधिकारी/औ.सं. व कल्याण	15	काशी नरेश सिंह	संयुक्त सचिव/नि.
16	धर्मेन्द्र कुमार	वरिष्ठ सहायक उप महाप्रबंधक	16	जय प्रकाश नारायण	सहायक सचिव/
17	ए.के.झा	सहायक कार्मिक अधिकारी/औ.सं. व कल्याण	17	मो.फजलं-इमाम	सहायक शाखा [illegible]
18	रंजीत कुमार सिंह	जनसम्पर्क अधिकारी/हाजीपुर	18	विनय कुमार श्रीवास्तव	कोषाध्यक्ष/नि.
			19	मनोज दिवाकर	संगठन सचिव
			20	रजनीष कुमार	संगठन सचिव

श्री सूर्यनारायण – उपमुकाधि/औ.सं. व कल्याण

सर्वप्रथम उपमुकाधि/औ.सं. व कल्याण ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय स्तरीय वर्ष 2017 की प्रथम स्थायी वार्ता तंत्र बैठक में यूनियन के सभी पदाधिकारियों से उपस्थित सभी अधिकारियों एवं सभी कर्मचारियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। साथ ही औद्योगिक संबंध के मधुर रहने की आश व्यक्त की एवं यूनियन के पदाधिकारियों को अपनी बात संक्षेप में रखने का आग्रह किया।

श्री दीनानाथ प्रसाद – अध्यक्ष

इन्होंने अपना परिचय देते हुए कहा कि ईसीआरकेयू की मुख्यालय शाखा की वर्ष 2017 की यह प्रथम बैठक मुकाधि/प्रशासन महोदय की अध्यक्षता में आयोजित होने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इस स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक से संबंधित सभी मद आम कर्मचारी हित से संबंधित हैं। लेकिन कुद मदें प्रशासनिक स्तरीय होते हुए अधिकारी एवं कर्मचारी हित दोनों से जुड़े हैं यथा– सेन्ट्रलाइज्ड ए.सी एवं स्वच्छ पेय जल। पिछले स्थायी वार्ता तंत्र का हवाला देते हुए कहा कि सेन्ट्रलाइज्ड ए.सी एवं स्वच्छ पेय जल पर प्रशासन पक्ष की तरफ से आश्वासन दिया गया परंतु आज तक उस पर कोई अमल नहीं हुआ कृपया इस पर ध्यान दिया जाय।

श्री लाल मोहन सिंह – अध्यक्ष/निर्माण

श्री लाल मोहन सिंह, अध्यक्ष/निर्माण संगठन ने मुकाधि/प्रशासन महोदय, उपस्थित सभी अधिकारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों का स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक में स्वागत किया। इन्होंने इस बैठक की मदों के बारे में कहा कि सभी मद आम कर्मचारियों से संबंधित हैं अतः कृपया इसका निदान शीघ्र किया जाय। ताकि कर्मचारियों की समस्याएँ दूर हों जिससे उनकी कार्यक्षमता और कुशलता बढ़े।

श्री सुनील कुमार –शाखा सचिव, मुख्यालय

श्री सुनील कुमार, शाखा सचिव/मुख्यालय ने सभी का हार्दिक अभिन्दन करते हुए स्थायी वार्ता तंत्र बैठक के अध्यक्ष, श्री बी.के.सिंह, मुख्य कार्मिक अधिकारी/प्रशासन को अध्यक्ष श्री दीनानाथ प्रसाद द्वारा बुके प्रदान करवाकर बैठक के सफल संचालन हेतु स्वागत किया। प्रशासन एवं कर्मचारी के मध्य औद्योगिक संबंध मधुर रहने की परम्परा बरकरार रहने की इच्छा व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी मंडलों की स्थायी वार्ता तंत्र की बैठक में केन्द्रीय संगठन का एक प्रतिनिधि को आमंत्रित किया जाता है। मुख्यालय स्तरीय स्थायी वार्ता तंत्र बैठक में भी केन्द्रीय प्रतिनिधि को बुलाया जाना प्रशंसनीय है।

उन्होंने निम्न तथ्यों की ओर ध्यान आकर्षित किया–

- सातवें वेतन आयोग के तहत सर्विस रिकार्ड की विधिक्षा हेतु विगत छः माह से लेखा विभाग में लगभग 600–700 कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका रखी हुयी है जिसे विधीक्षित कराने की बात कही ताकि अब तक के वंचित कर्मचारी लाभान्वित हो सकें।
- यातायात लेखा कार्यालय का पटना से हाजीपुर स्थानांतरितहुए लगभग एक माह होने के पश्चात् भी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए बैठने के लिए कुर्सी एवं कार्य करने हेतु टेबुल पर्याप्त मात्रा में नहीं है। दुःख व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि लेखा विभाग के कर्मचारी, कुर्सी की कमी के कारण यत्र–तत्र या अन्य विभागों में बैठने को मजबूर होकर समय व्यतीत करना पड़ता है। साथ ही इस यातायात लेखा भवन कार्यालय में पीने के शुद्ध पानी की कोई सुविधा नहीं है।
- पॉली क्लिनिक/हाजीपुर में पैथोलॉजी की उपलब्धता की मॉग पर जोर देते हुए कहा कि जो कर्मचारी पटना सेन्ट्रल हॉस्पीटल में दिखाते हैं यदि उन्हें ब्लड चेकअप कराना है तो पुनः दूसरे दिन ब्लड देने के लिए जाना एवं रिपोर्ट प्राप्त करने हेतु पुनः तीसरे दिन जाना होता है। इसप्रकार तीन दिन की छुट्टी लेकर जाना संभव प्रतीत नहीं होता है। अतः पैथोलॉजी की व्यवस्था पॉली क्लिनिक/हाजीपुर में करने का आग्रह किया।

अजय मणि तिवारी, शाखा सचिव/निर्माण

अजय मणि तिवारी, शाखा सचिव/निर्माण बैठक में उपस्थित सभी अधिकारी एवं यूनियन पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने केन्द्रीय संगठन सचिव/ईसीआरकेयू – श्री मनीष कुमार को बुके प्रदान करके दोनों यूनिटों के मधुर संबंध को दर्शाया। बैठक के दौरान Out of Ajenda में निम्न तथ्यों का हवाला देते हुए प्रशासन पक्ष से इस पर भी सख्ती से अमल करते हुए पूरा करवाने को कहा। स्थायी वार्ता तंत्र बैठक में कुछ न कुछ त्रुटि रह जाती है जिसे दोनों पक्षों के सहयोग से इसे दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह बैठक बहुत दिनों पर आयोजित किया गया है। बैठक में मदों पर लिये गये निर्णय के पश्चात् पत्र जारी करने एवं निर्माण संगठन को भी पत्र प्रेषित किये जाने की मॉग की।

- निर्माण संगठन के कर्मचारी जो सुदूर क्षेत्र में कार्य करते हैं उनका ईलाज सेन्ट्रल हॉस्पीटल, पटना से किये जाने की मॉग की और मुचिनि/उपमुकाधि/निर्माण से आग्रह किया कि इसे प्राथमिकता देते हुए लागू करें।
- महेन्द्रूघाट/पटना स्थित निर्माण कार्यालय के परिसर में बाह्य गाड़ियों जैसे बगल के हाईकोर्ट से संबंधित कर्मी की गाड़ियॉं एवं अन्य बाह्य व्यक्तियों की गाड़ियॉं पार्किंग होने से बहुत परेशानी होती है। कभी–कभार गाड़ियों की चोरी भी हो जाया करती है। कई बार उसे परिसर में नहीं लगाने देने पर हाथापाई, अन–बन एवं गर्मजोशी की नौबत तक आ गयी। अतः आरपीएफ की व्यवस्था करना आवश्यक है जिससे बाहरी गाड़ियॉं की पार्किंग न हो एवं शांति के माहौल में कार्य चलता रहे।
- एक स्पेशल ड्राइव के तहत सर्विस रिकार्ड को सभी मंडल कार्यालयों/यूनिटों एवं निर्माण संगठन में संबंधित कर्मचारियों को दिखाया जाय एवं उसकी प्रति भी उपलब्ध कराने की मांग की।
- उत्तर रेलवे के कार्यालय की तर्ज पर निर्माणाधीन नव निर्मित भवन में सेन्ट्रलाइज्ड ए.सी लगाने का अनुरोध किया।

श्री मनीष कुमार, केन्द्रीय संगठन मंत्री

श्री मनीष कुमार, केन्द्रीय संगठन मंत्री ने बैठक में अध्यक्ष, उपस्थित अधिकारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंनेप्रत्येक वर्ष बैठक को समय से किये जाने की मांग प्रशासन से किया। इस बैठक में Out of Ajenda के तहत उठाये गये मद पर गंभीरतापूर्वक विचार करने, लेखा विभाग द्वारा सर्विस रिकार्ड की विधिक्षण करने, छुट्टी का लेखा–जोखा अद्यतन करने, नये और पुराने भवन को वातानुकूलित करने, पीने के शुद्ध पानी के लिए आर.ओ. की व्यवस्था करवाने का अनुरोध किया।

इंजीनियरिंग विभाग के नये मद

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
1	01/04/17 PCE	<u>कोनहाराघाट एवं रामाशीष चौक स्थित रेलवे क्वार्टर के मेन्टेनेन्स कार्य पूर्व की भाँति मुख्यालय को सौंपने के संबंध में</u> :– विदित हो कि मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के लिए रेल आवास की सुविधा कोनहाराघाट एवं रामाशीष चौक स्थित रेलवे कॉलोनी में उपलब्ध कराई गई है, लेकिन इसके मेन्टेनेन्स का कार्य सोनपुर मंडल को आवंटित है। मेन्टेनेन्स का कार्य सोनपुर मंडल के द्वारा किये जाने के कारण मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को आवास संबंधी शिकायत एवं उसके निष्पादन में काफी परेशानियों का सामना करना पडता है, जिस कारण कर्मचारी रेलवे क्वार्टर में रहना नही चाहते हैं और थोडी–थोडी कमी के कारण क्वार्टर खाली पडा रहता है, जिससे रेल राजस्व का भी नुकसान होता है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि कोनहाराघाट एवं रामाशीष चौक स्थित रेलवे कॉलोनी के मेन्टेनेन्स का कार्य सोनपुर मंडल से हटाकर मुख्यालय नियंत्रित किया जाए, क्योंकि कर्मचारी जहॉ कार्य करता है, वहीं पर शिकायत और उसके निष्पादन की सुविधा भी होनी चाहिए।	टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत–रेलवे क्वार्टर मेंटीनेंस का कार्य सोनपुर मंडल को विचार–विमर्श करके निर्णय लेने के बाद ही दिया गया था, अतः परिवर्तन करने पर विचार किया जाना अपेक्षित प्रतीत नहीं होता है। डस्टबीन, स्कूटर/साईकिल स्टैंड बनवाने एवं क्वार्टर का सही मेंटीनेंस करने हेतु मंडल रेल प्रबंधक/सोनपुर से बातचीत की जाएगी। 1. इस मद को सेन्ट्रल स्थायी वार्ता तंत्र में रखने की बात हुई। 2. डस्टबीन, स्कूटर/साईकिल स्टैण्ड एवं अन्य कार्यो के प्रपोजल की प्रति यूनियन को देने की बात की गई।
2	01/06/17 PCE	<u>पटना में अधिकारियों की तरह ग्रुप 'सी' एवं ग्रुप 'डी' के कर्मचारियों के लिए भी रेल आवास निर्माण के संबंध में</u> :–विदित हो कि अधिकारियों की तरह मुख्यालय में कार्यरत अधिकांश कर्मचारी अपनी सुविधा एवं बच्चों के बेहतर शैक्षणिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए पटना से हाजीपुर कार्यालय आकर कार्य कर रहें हैं। इसी बीच रेलवे बोर्ड के निर्देश के आलोक में पटना में लीज पर रह रहे अधिकारियों/कर्मचारियों की भी समीक्षा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पटना की तरह हाजीपुर में अभी सुविधा/शैक्षणिक माहौल का निर्माण नही हो सका है, ऐसे में पटना में रह रहे कर्मचारियों के लिए रेल आवास नही रहने की स्थिति में विकट परिस्थिति का सामना करना पड रहा है। अतः अनुरोध है कि पटना में अधिकारियों की तरह ग्रुप 'सी' एवं ग्रुप 'डी' कर्मचारियों के लिए रेल आवास का निर्माण कराया जाए।	टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत–निर्माण विभाग द्वारा दानापुर में निर्माणाधीन 244 आवास निर्माणाधीन है। पुल आवंटन के समय मुख्यालय कर्मचारियों के लिए उसमें से लगभग आधे रेल आवासों की मांग रखी जाएगी। पटना में आवास के लिए जगह मिलने पर आवास निर्माण पर विचार किया जाएगा।
3	01/11/17 PCE	<u>मुख्यालय के रेलवे कॉलोनी हेतु गाडी पार्किंग एवं डस्टबीन की सुविधा मुहैया कराने के संबंध में</u> :–मुख्यालय के कर्मचारियों हेतु कोनहाराघाट स्थित रेलवे कॉलोनी में कर्मचारियों को गाडी रखने एवं गंदगी को फेंकने हेतु डस्टबीन का निर्माण समुचित ढंग से नही हो रहा है और इसमें मनमानी किया जा रहा है, जबकि आवास समिति की बैठक में कई बार इसको लेकर चर्चा भी की गई है। दोनो चीज के अभाव के कारण कर्मचारियों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है और इस कारण उनमें आक्रोश व्याप्त है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि दोनो सुविधा उपलब्ध कराने हेतु यूनियन के साथ निरीक्षण एवं स्थल चयन का कार्य पूरा कर तदनुसार यथाशीघ्र इसका निर्माण कराया जाए।	टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत–टाईप । आवास में 111 आवासों में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। टाईप।। के कुल 168 आवास में जिनमें 130 में गाड़ी पार्किंग उपलब्ध है। टाईप ।।। के 169 आवास में 111 गाड़ी पार्किंग उपलब्ध है। बाकी के लिए प्रस्ताव भेजा जायेगा। डस्टबीन भी उपलब्ध है तथापित जरूरत के अनुसार उपलब्ध करवा दिया जाएगा। पत्र की प्रति यूनियन को उपलब्ध करायी जायेगी।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
		इंजीनियरिंग विभाग के पुराने मद	
4	09/09/16 PCE	सेन्ट्रल हॉस्पीटल में कार्यरत कर्मचारियों के लिए रेल आवास की व्यवस्था : विगत 07 वर्षों से सेन्ट्रल अस्पताल क्रियान्वित है, परंतु आश्चर्य है कि अबतक रेल अस्पताल में कार्यरत कर्मचारियों के लिए रेल आवास की व्यवस्था नही की गयी है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि अविलंब अस्पताल कर्मचारियों के लिए रेल आवास की व्यवस्था किया जाए।	**कार्यवृत्त**–सेन्ट्रल हॉस्पीटल में कार्यरत कर्मचारियों के लिए रेल आवास की व्यवस्था हेतु मुचिनि/हाजीपुर द्वारा प्रमुई/हाजीपुर को प्रस्ताव दिया जायेगा। प्रस्ताव की एक प्रति यूनियन को दी जाएगी। **टिप्पणी** : संबंधित विभाग से अभी तक कोइ अनुरोध प्राप्त नहीं हुआ है। अनुरोध प्राप्त होने पर नियमानुसार विचार किया जाएगा। **कार्यवृत**– चिकित्सा निदेशक को पत्र लिखा जायेगा एवं इसकी प्रति प्रमुई को भी देगें।
5	16/09/16 PCE	मुख्यालय में आने वाले ऑन ड्यूटी कर्मचारियों के लिए रेस्टहाउस की व्यवस्थाः–मुख्यालय में सभी मंडलों के कर्मचारी ऑन ड्यूटी अपने विभाग का कार्य लेकर हमेशा मुख्यालय में आते हैं एवं अपना कार्य निष्पादन कर चले जाते हैं, लेकिन जिन कर्मचारियों का कार्य निष्पादन नही हो पाता है उन कर्मचारियों को मुख्यालय में रूकना पडता है। उनके लिए रेस्ट हाउस नही है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि उनके लिए रेस्ट हाउस की व्यवस्था की जाए।	**कार्यवृत्त**– मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन कमरा सुपुर्दगी उपरांत आवंटन किया जायेगा। जिसकी एक प्रति यूनियन को दी जाएगी। **टिप्पणी** : मुख्यालय हाजीपुर में ड्यूटी पर आने वाले कर्मचारियों के लिए विश्रामालय हेतु कार्य स्वीकृत है। निविदा दिनांक29.06.2017 खोला गया है और टेंडर ऐवार्ड की अंतिम प्रकिया चल रही है। कार्य का लागत 36.92 लाख है एवं डी.ओ.सी. 6 माह है। **कार्यवृत**–रामशीष चौक स्थित आरपीएफ द्वारा खाली किये गये रेल आवास को रेस्ट हाउस के रूप में मेंटेंन/फर्नीसिंग उपरांत प्रस्तावित किया जायेगा।
6	17/09/16 PCE	कोनहारा घाट एवं रामाशीष चौक स्थित क्वॉटरों के रख रखाव के संबंध में :–रेलवे क्वार्टरों में मेनगेट लगाने की व्यवस्था, क्वार्टर कैंपस में स्ट्रीट लाईट लगाने की व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की जाए।	**कार्यवृत्त**– जिन आवासों में लोहे के गेट नहीं लगे हैं प्रशासन द्वारा कहा गया कि उनमें लोहे के गेट लगाने की प्रकिया की जरूर होनी चाहिए। **टिप्पणी** : कोनहारा घाट रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर के मेनगेट के पास बिजली का मीटर लगा हुआ है। जिसके कारण गेट लगाना सम्भव नहीं है। यदि मीटर का स्थान बदला जाए तो यह कार्य किया जा सकता है। **कार्यवृत**–विद्युत विभाग द्वारा वहॉ मौजूद मीटर हटाने के उपरांत कार्य किया जायेगा।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
7	03/16/09 PCE	रेलवे द्वारा लीज पर लिए गए विस्कोमान भवन, पटना के सभी तलों की मरम्मति एवं साफ–सफाई:– इस संबंध में यूनियन के पदाधिकारियों ने कई बार मौखिक एवं लिखित रूप में स्थानीय स्तर के अधिकारियों से लेकर महाप्रबंधक महोदय के स्तर (यूनियन का पत्रांक:ईसीआरकेयू/टीए/203/08–09 दिनांक 16.04.08) तक चर्चा की लेकिन खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि महाप्रबंधक महोदय के निर्देश के आलोक में स्थानीय रेल प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देश के बावजूद आज तक विस्कोमान प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अतः यूनियनLease Agreementकिए गए प्रावधानों के मद–।।।(It is hereby agreed and declared by and between the parties as follow)के बिन्दु 8 के तहत कार्रवाई करने के साथ ही साथ मरम्मति एवं साफ–सफाई का कार्य रेलवे द्वारा अपने नियंत्रणाधीनAgencyसे करवाने हेतुLease Agreementमें आवश्यक संशोधन करने की मॉग करती है।	कार्यवृत्त– प्रशासन और यूनियन के प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण करने की सलाह दिया। टिप्पणी : बिस्कोमान भवन के सभी रेलवे कार्यालय को हाजीपुर एवं पटना में शिफ्ट करने की प्रक्रिया जारी है और 15 जुलाई तक यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी। अतः इस मद को बन्द किया जाता है। कार्यवृत–चर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है।
8	03/25/09 PCE	सुदूर क्षेत्र में एवं हाजीपुर में कर्मचारियों के लिए विश्रामालय की व्यवस्था:–सुदूर क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए विश्रामालय की व्यवस्था की जाए ताकि लाइन डयूटी पर जानेवाले कर्मचारियों को विश्रामालय की सुविधा मिल सके, साथ ही मुख्यालय हाजीपुर में ड्यूटी पर आने वाले कर्मचारियों के लिए हाजीपुर में विश्रामालय की सुविधा होनी चाहिए।	कार्यवृत्त– यूनियन द्वारा इसकी सूची प्रशासन को उपलब्ध करायी जायेगी तदुपरांत अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। टिप्पणी : मुख्यालय हाजीपुर में ड्यूटी पर आने वाले कर्मचारियों के लिए विश्रामालय हेतु कार्य स्वीकृत है। निविदा दिनांक:29.06.2017 खोला गया है और टेंडर ऐवार्ड की अंतिम प्रकिया चल रही है। कार्य का लागत 36.92 लाख है एवं डी.ओ.सी. 6 माह है। कार्यवृत–सुदूर क्षेत्र में विश्रामालय मद पर चर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है। इंजी0 विभाग द्वारा वर्क ऑडर की प्रति यूनियन को उपलब्ध कराया जायेगा।
9	04/17/10 PCE	कोनहारा घाट स्थित रेल आवास के रख रखाव के संबंध में:– कोनहारा घाट स्थित रेलवे आवास की हालत काफी दयनीय है। आवास की मरम्मति के लिए यूनियन प्रशासन से हर स्तर पर वार्ता करते आ रही है लेकिन इसके बावजूद कोई भी कारवाई नही हो पा रही है।अतः यूनियन यह मॉग करती है कि रेल आवास की मरम्मती यथाशीघ्र करवाने की व्यवस्था की जाये।	कार्यवृत्त–कोनहारा घाट स्थित रेलवे आवास की मरम्मति के लिए वर्क आर्डर बनाया जा रहा है और कार्य भी शुरू कर दिया गया है। टिप्पणी : कोनहारा घाट रेलवे कॉलोनी में अवस्थित क्वार्टर का Maintenance कार्य लगातार जोनल वर्क द्वारा निधि के उपलब्धता के अनुसार एवं विभागीय स्तर से भी किया जा रहा है। कार्यवृत–चर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
10	07/18/12 PCE	**कोनहाराघाट रेलवे कॉलोनी के रेल आवासों के मुख्य दरवाजों पर लोहे का गेट लगाने के संबंध में:–** यूनियन यह मॉग करती है कि कोनहाराघाट स्थित रेलवे कॉलोनी के समस्त रेल आवासों के मुख्य दरवाजों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से टाईप– 4 की तरह लोहे का गेट लगाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही, रेल आवासों के समस्त बालकोनी में सुरक्षा की दृष्टिकोण से ग्रिल लगवाने की व्यवस्था की जाए।	कार्यवृत्त : संबंधित विभाग द्वारा समीक्षा की जायेगी। **टिप्पणी** :कोनहारा घाट रेलवे कॉलोनी के क्वार्टर के मेनगेट के पास बिजली का मीटर लगा हुआ है। जिसके कारण गेट लगाना सम्भव नहीं है। यदि मीटर का स्थान बदला जाए तो यह कार्य किया जा सकता है। कार्यवृत–इस कार्य को पूर्ण करने हेतु सोनपुर मंडल को निर्देश दिया जायेगा।
11	07/23/12 PCE	**महाप्रबंधक कार्यालय में कार्यरत स्पोर्टस् कर्मचारियों हेतु खेल के मैदान का निर्माण:**–मुख्यालय में लगभग 60–70 कर्मचारी खेलकूद कोटा से बहाल किए गए हैं जिनमें से अधिकांशतः राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी है। परंतु, खेद है कि खिलाड़ियों के अभ्यास हेतु एक भी खेल मैदान का निर्माण नही किया गया है। यूनियन यह मॉग करती है कि मुख्यालय में खेल के मैदान का निर्माण कराया जाए जिससे न सिर्फ खिलाड़ियों को अभ्यास हेतु अपितु उनमें खेलों का आयोजन कर अपने रेल में खेलों का बेहतर माहौल बनाया जा सक	कार्यवृत्त– आवश्यक कार्यवाही कर इसकी सूचना यूनियन को भी दी जायेगी। **टिप्पणी** : तत्काल में रेलवे जमीन एवं निधि के अभाव के कारण यह कार्य करना कठीन है और समय–समय पर खेलाड़ी कैंप में जा कर तैयारी करते है और आवश्यकता पड़ने पर वह सोनपुर मंडल में स्थित मैदान का उपयोग कर सकते है। कार्यवृत–इंजीनियरिंग विभाग एवं यूनियन के प्रतिनिधि द्वारा हाजीपुर रेलवे स्टेशन के पास बताये जा रहे sight का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया जाएगा उसके उपरान्त कार्यवाई की जाएगी।
		कार्मिक विभाग के नये मद	
12	01/02/17 Dy.CPO(HRD)	**मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की वरीयता सूची प्रकाशन के संबंध में** :– कई वर्षों से मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के वरीयता सूची का प्रकाशन नही हुआ है, जिसके कारण कर्मचारियों में अपनी वरीयता के संबंध में भ्रम की स्थिति है। इस कारण कर्मचारियों में प्रशासन के प्रति नाराजगी है। अतः यूनियन मॉग करती है कि यथाशीघ्र मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की वरीयता सूची का प्रकाशन किया जाए।	**कार्मिक विभाग की अभ्युक्ति :** सभी संवर्गो की वरीयता सूची अप्रैल 2016 में ही जारी कर दी गयी है। **अतः इस मद को बन्द किया जाये।** कार्यवृत–वरीयता सूची प्रकाशित है एवं ऑन–लाइन भी है। **अतःचर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है।**

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
		कार्मिक विभाग के पुराने मद	
13	03/06/09 Dy.CPO/IR&W	कर्मचारियों के लंबित समस्यायों का कार्मिक विभाग द्वारा समय से निष्पादन नहीं किये जाने के संबंध में ज्ञात हो कि मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के लंबित समस्यायों के निराकरण हेतु यूनियन द्वारा अनेकों बार प्रशासन को पत्र लिखा गया एवं व्यक्तिगत रूप से भी मिलकर संबंधित अधिकारी को अवगत कराया गया। जो निम्न प्रकार है "Setting of extension Branch of Co-operative Bank in HQ since 2007." अतः यूनियन पुनः आग्रह करती है कि यूनियन द्वारा दिये गये मामले पर त्वरित कार्यवाई की जाए।	कार्यवृत्त–डीजीएम/जी महोदय को–ऑपरेटिव बैंक के लिए जगह उपलब्ध कराने पर विचार करेंगें। टिप्पणी : प्रशासन विभाग के पत्रांक ईसीआर/एडीएम/का. स्पेश दिनांक 15.09.2016 के द्वारा मुख्यालय में कॉपरेटिव बैंक की शाखा खोलने हेतु पुराने प्रशासनिक भवन में एक चैम्बर एवं एक कार्यालय आवंटित किया जा चुका है। अतः इस मद को बन्द किया जाय। कार्यवृत–चर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है।
14	07/15/12 Dy.CPO/HRD	सभी विभागों में अधिकारियों की संख्या के आधार पर आशुलिपिकों के पद की संरचनाः– यह देखा जा रहा है कि अनेक विभागों जैसे– विधुत, वाणिज्य, यांत्रिक आदि विभागों में अधिकारियों की संख्या से काफी कम संख्या में आशुलिपिक मौजूद है जिनसे उनके कार्य का बोझ काफी बढ़ गया है। यूनियन यह मॉग करती है कि सभी विभागों में अधिकारियों की संख्या के आधार पर आशुलिपिकों के पद की संरचना की जाए।	कार्यवृत्त–इस संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं है। टिप्पणी : विदित हो कि पद सृजन संबंधी प्रक्रिया स्थगित है, जिससे यह प्रस्ताव औचित्यपूर्ण प्रतीत नही होता है। अतः इस मद को बन्द किया जाय। कार्यवृत–चर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है।
15	07/29/12 Dy.CPO/HRD	सभी विभागों के ग्रुप "डी" कर्मचारियों को एनपीएस के अंतर्गत नही लाने के संबंध में :–यूनियन को यह ज्ञात हुआ है कि सभी विभागों के बहुत सारे ग्रुप डी कर्मचारियों को एनपीएस के अंतर्गत लाने की प्रक्रिया शुरू की गयी है, जबकि ये कर्मचारी 2004 के पूर्व से रेलवे में कार्यरत हैं और उनकी पीएफ की कटौती भी 2004 के पहले से ही की जा रही है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि सभी विभागों में ग्रुप डी कर्मचारियों को एनपीएस के अंतर्गत नही लाया जाए।	कार्यवृत्त–बैठक में चर्चा होगी। टिप्पणी : ऐसा कोई मामला प्रशासन के संज्ञान में नही है। अतः इस मद को बन्द करना उचित होगा। कार्यवृत–चर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
		लेखा विभाग के नये मद	
16	01/01/17 FA&CAO	<u>लेखा विभाग के ग्रुप डी कर्मचारियों का ग्रुप 'सी' में पदोन्नति के संबंध में</u> :–मुख्यालय के लेखा विभाग में कई वर्षों से देखा जा रहा है कि ग्रुप 'डी' से ग्रुप 'सी' में पदोन्नति हेतु प्रक्रिया नही हुई है, जिसके कारण पदोन्नति की प्रक्रिया लंबित है, जिससे कर्मचारियों में हताशा और आक्रोश है। अतः यूनियन मॉग करती है कि अतिशीघ्र ग्रुप 'डी' से ग्रुप 'सी' में पदोन्नति का लाभ कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाय।	**लेखा विभाग की अभ्युक्ति :** इस संबंध में निकट भविष्य में कार्रवाई की जाएगी। कार्यवृत–रिक्तियों को चिन्हित कर ली गयी है और इसी सप्ताह वरीयता सूची परिपत्रित कर दिया जायेगा।
17	01/10/17 FA&CAO	<u>अन्य विभागों की तरह लेखा विभाग के कर्मचारियों को भी ब्रीफकेस की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में</u> :–विदित हो कि लेखा विभाग को छोडकर अन्य सभी विभागों में ग्रेड पे 4200 एवं 4600 में कार्यरत कर्मचारियों को पर्यवेक्षकीय स्तर का कर्मचारी मानकर ब्रीफकेस के क्रय हेतु भुगतान किया जाता है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि लेखा विभाग के कर्मचारियों को भी उक्त सुविधा का लाभ उपलब्ध कराया जाए।	**लेखा विभाग की अभ्युक्ति :** यह मामला प्रक्रियागत है, जिनका निष्पादन यथाशीघ्र किया जायेगा। कार्यवृत–यथावत्।
		लेखा विभाग के पुराने मद	
18	06/17/11 FA&CAO	लेखा विभाग में पी0एस0–। के संबंध में :– पूर्व मध्य रेल के गठन के पश्चात् लेखा विभाग में अब तक पी0एस0–। का चयन नही कराया गया है। पी0एस0–। के पद का प्रयोग अन्यत्र जगह कार्यरूप में लिया जा रहा है जिससे आशुलिपिक संवर्ग को उचित पदोन्नति से वंचित रखा जा रहा है।अतः कृपया यथाशीघ्र पी0एस0–। का चयन कराया जाए।	कार्यवृत्त– विसमुलेधि द्वारा कार्मिक विभाग को पीएस–। के चयन हेतु पत्र लिखा जायेगा। टिप्पणी : लेखा विभाग में पीएस–1 के पदोन्नति से संबंधित मामला प्रकियाधीन है। कार्यवृत–शीघ्र कार्रवाई की जायेगी।
19	07/05/12 FA&CAO	पीएफ खाता का पूर्णतः Computerisationकिया जाना :– पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य निधि खाता को पूर्णतः कम्प्यूटरीकरण किया जाए साथ ही साथ इसे नेट पर भी डाला जाए ताकि कर्मचारी अपने पीएफ खाता की वास्तविक स्थिति से अवगत हो सके।	कार्यवृत्त– निर्माण संगठन, सीएओ/डब्ल्यू पी/पटना को फरवरी माह के अंत तक पीएफ स्लिप उपलब्ध कराया जायेगा। टिप्पणी : पीएफ कम्प्यूटराइजेशन का कार्य प्रगति पर है और यह अंतिम चरण में है। जब IPAS पूर्णरूप से हर क्षेत्र में लागू हो जायेगा एवं सुचारू रूप से कार्य करने लगेगा तब से पी.एफ खाते के Manual

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
			Maintainnace कार्य को बन्द कर Computrised प्रणाली में स्वीच ओवर कर दिया जायेगा, जिसमें लगभग एक वर्ष का और समय लग सकता है। वर्तमान भविष्य निधि राशि की निकासी तथा अंतिम समापक भुगतान IPAS के माध्यम से किया जा रहा है। स्थानांतरण लेन देन Transfer Transaction-In &Out-Inter+Intra) E-Recon के माध्यम से पूर्णतः Computerised प्रणाली से हो रहा है। जिन पीएफ खातों का रख–रखाव मुख्यालय हाजीपुर में हो रहा है, उनके 2016–17 के प्रारंभिक शेष को IPAS प्रणाली में Feed किया जा रहा है, जिसमें से 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। कार्यवृत–माह जुलाई 2017 से लेखा विभाग में पीएफ खाता का कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है। शेष विभाग के लिए कार्य शीघ्र पूर्ण किया जायेगा। अतः चर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है।
20	07/07/12 FA&CAO	लेखा विभाग में एकीकृत स्टेशनरी रूम तथा स्टेशनरी सामग्री की व्यवस्थाः–यूनियन का मत है कि अन्य विभागों की तरह लेखा विभाग में भी एकीकृत स्टेशनरी रूम तथा स्टेशनरी सामग्री हेतु अन्य विभागों की तरह यहाँ भी सामान्य अनुभाग बनाया जाए ताकि समय से कर्मचारियों को स्टेशनरी सामग्री की आपूर्ति एक ही रूम से आपूर्ति किया जा सके।	कार्यवृत्त–जगह की उपलब्धता के आधार पर एकीकृत स्टेशनरी रूम बनाने का प्रयास किया जाएगा। टिप्पणी : लेखा विभाग में स्टेशनरी रखे जाने के लिए एक कमरे की व्यवस्था की गई है, जिसमें स्टेशनरी भंडार विभाग से प्राप्त होने एवं विभिन्न अनुभागों के मॉग के अनुसार वितरण हेतु एक कर्मचारी की पदस्थापना भी की गयी है। कार्यवृत–जगह उपलब्ध करवा दिया गया है। अतः चर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
		चिकित्सा विभाग के नये मद	
21	01/05/17 CMD	**पॉली–क्लीनिक में कार्यरत कर्मचारियों का लियन मुख्यालय में करने के संबंध में।**:– पॉली–क्लीनिक की स्थापना के समय यह नीति बनाई गई थी कि यहाँ कार्यरत कर्मचारियों का लियन मुख्यालय में ही रहेगा। विदित हो कि अन्य रेलों में मुख्यालय के लिए स्थापित पॉली क्लीनिक में कार्यरत कर्मचारियों का लियन वहाँ के केन्द्रीय अस्पताल के नियंत्रण में है लेकिन पूर्व मध्य रेल में मनमाने तरीके से मुख्यालय में स्थापित पॉली–क्लीनिक में कार्यरत कर्मचारियों का लियन मंडल में कर दी गई है, इससे कर्मचारियों में काफी नाराजगी हैं। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि पॉली क्लीनिक के कर्मचारियों का लियन मुख्यालय में रखा जाए।	**चिकित्सा विभाग की अभ्युक्ति :** यह नीतिगत मामला है। **कार्यवृत**–तिथि निर्धारित कर यूनियन के साथ उपमुकाधि/औ.सं.व कल्याण के कक्ष में वार्ता आयोजित करके उचित कार्रवाई की जाएगी।
		चिकित्सा विभाग के पुराने मद	
22	11/09/16 CMD	**सेन्ट्रल हास्पीटल में चिकित्सकों का बैठने का समय :–** सेन्ट्रल अस्पताल में आउटडोर में चिकित्सकों के बैठने का समय निर्धारित किया जाए।	**कार्यवृत्त**– सेन्ट्रल हॉस्पीटल में चिकित्सकों का बैठने का समय हेतु मुख्यालय शाखा एवं मुख्यालय निर्माण शाखा के साथ एक कमेटी बनायी जायेगी। जिस पर वार्ता की जायेगी। इस कमेटी में यूनियन भी शामिल रहेगें। **टिप्पणी** : पूर्व से ही चिकित्सकों को ओपीडी में बैठने का समय निर्धारित किया जा चुका है। जिसका अनुपालन किया जा रहा है। **कार्यवृत**–सेन्ट्रल हॉस्पीटल/पटना के ओपीडी में डॉ. 09.00 बजे बैठेंगे, इसे मुचिनि/हाजीपुर द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
23	20/09/16 CMD	पॉलीक्लिनिक में कार्यरत कर्मचारियों का लियन संबंधी समस्याएँ :– पॉलीक्लिनिक में कार्यरत कर्मचारियों का लियन मंडल में कर दी गई है, जबकि पॉलीक्लिनिक की स्थापना के समय में ही यह नीति बनाई गई थी कि इसमें कार्यरत कर्मचारियों का लियन मुख्यालय में ही रहेगा। ज्ञात है कि अन्य रेलों के मुख्यालय के लिए स्थापित पॉली क्लिनिक में कार्यरत कर्मचारियों का लियन वहाँ के केन्द्रीय अस्पताल के नियंत्रण में हैं, लेकिन पूर्व मध्य रेल में मनमाने तरीके से मुख्यालय में स्थापित पॉलीक्लिनिक मे कार्यरत कर्मचारियों का लियन अस्पताल में न रखकर अन्य मंडलों मे कर दी गई है। अतः यूनियन यह माँग करती है कि इस निर्णय पर प्रशासन द्वारा पुनः विचार करने की आवश्यकता है।	कार्यवृत्त– यूनियन ने जाहिर किया कि चिकित्सा विभाग के पॉली क्लिनिक, सेन्ट्रल हॉसपिटल एवं मुख्यालय की वरीयता सूची को एक जगह मिलाकर मुख्यालय स्तर पर करने का निवेदन किया। चूँकि यह नीतिगत मामला है तथा कार्मिक विभाग के द्वारा नियमानुसार कियान्वित किया जाएगा। **टिप्पणी** : पॉलीक्लिनिक एवं मुख्यालय के चिकित्सा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों के लियन को केन्द्रीय चिकित्सालय पटना के साथ किया जाना नीतिगत मामला है। कार्यवृत–यथावत्
24	06/13/11 CMD	केन्द्रीय अस्पताल, पटना में पैथोलॉजिकल जॉच की समयावधि बढ़ाने हेतु :– यूनियन को यह ज्ञात हुआ है कि केन्द्रीय अस्पताल, पटना में पैथोलोजिकल जॉच का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे तक निर्धारित है जिससे कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। जैसे यदि कोई कर्मचारी ब्लड सुगर की जांच कराने आता है तो पहले दिन वह सिर्फ फास्टिंग सुगर की ही जांच करा पाता है तथा Post Priandial(PP)की जांच जो 2 घंटे बाद होती है उसके लिए उसे दूसरे दिन आना पड़ता है। फिर उसे रिपोर्ट लेने केलिए एक दिन आना पड़ता है इस तरह एक कर्मचारी को तीन दिनों का समय लग जाता है। अतः औषधालयों को ध्यान में रखते हुए पैथोलोजिकल जांच की समयावधि बढ़ाई जाए।	कार्यवृत्त–सूचना पट्ट पर समयावधि अंकित की जायेगी। **टिप्पणी** : केन्द्रीय चिकित्सालय, पटना के पैथालॉजी के लिए सुबह 08 बजे से 11 बजे तक सैम्पल लेने का समय है। 11 बजे के बाद रिर्पोट तैयार किया जाता है एवं 16 बजे तक रिर्पाट तैयार कर काउंटर पर दे दिया जाता है। अतः जॉच के लिए दूसरे दिन आने को बाध्य नही किया जाता है। कार्यवृत–ओपीडी में डॉ. 09.00 बजे बैठेंगे। इसे सीएमडी/हाजीपुर द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
25	06/21/11 CMD	हाजीपुर स्थित पॉलीक्लिनिक में फिजियोथेरेपी की व्यवस्था :–मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों एवं हाजीपुर रेलवे कॉलोनी में स्थित उनके परिवार के लिए चिकित्सा में फिजियोथेरेपी की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें पटना जाना पड़ता है जिससे रोगियों को काफी परेशानी होती है।अतः हाजीपुर स्थित पॉलीक्लिनिक में फिजियोथेरेपी की व्यवस्था करने की मॉग यूनियन करती है।	कार्यवृत्त–प्रस्तावित किया जायेगा **टिप्पणी** : पॉलीक्लिनिक हाजीपुर में सिर्फ ओपीडी की व्यवस्था है। अतः फिजियोथेरेपी यूनिट की स्थापना उचित प्रतीत नही होता है। फिजियोथेरेपी हेतु मात्र 07 किलोमीटर की दूरी पर सोनपुर मंडल चिकित्सालय में उत्तम व्यवस्था है। **कार्यवृत**– इसकी समीक्षा करने के उपरांत स्थल का निर्णय किया जायेगा और अगर संभव हो तो फिजियोथेरेपी डाक्टर की व्यवस्था सोनपुर मंडल से की जायेगी। उपकरण के लिए आवश्यकता पड़ने पर एस बी.एफ. से सहायता राशि मांगी जाएगी।
26	07/22/12 CMD	सेन्ट्रल हॉस्पीटल, पटना में दवा आपूर्ति में अनियमितता के संबंध मेंसेन्ट्रल कम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल, पटना में दवा आपूर्ति में अनियमितता बरती जा रही है। उदाहरणस्वरूप, अगर किसी कर्मचारी को एम्स, अपोलो इत्यादि से कोई स्पेशल दवा लिखा जाता है लेकिन उस दवा के जगह पर अस्पताल द्वारा कोई और दवा उपलब्ध करा दिया जाता है जिससे कर्मचारियों को कोई फायदा नही होता है। उसी तरह, अगर 05 एमजी का दवा लिखा जाता है तो 10 एमजी का दवा दे दिया जाता है और कहा जाता है कि आधा–आधा तोड़कर खा लीजिएगा। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को बाहर से दवा खरीदकार खाने के लिए बाध्य होना पड़ता है। यूनियन यह मांग करती है कि सेन्ट्रल अस्पताल, पटना में इस तरह की अनियमितता पर रोक लगायी जाए।	कार्यवृत्त–आवश्यक निर्देश जारी किये जाने के उपरांत संघ प्रतिनिधि को इसकी प्रति उपलब्ध कराई जायेगी। **टिप्पणी** : आवश्यकतानुसार स्थानीय क्रय किया जाता है। **कार्यवृत**–बैठक में निर्णय लिया गया कि सेन्ट्रल हॉस्पीटल/पटना में वैसे रोगी जो सीरियस मामलों के हैं या रेफर किये गये मामलों के हैं उन्हें जोदवा लिखा गया है वही दवा देने की व्यवस्था लोकल परचेज के तहत की जायेगी।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
27	07/24/12 CMD	हाजीपुर स्थित पॉलीक्लिनिक में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियमित ड्यूटी हाजीपुर में पॉलीक्लिनिक बने वर्षो हो चुके हैं, परंतु यूनियन खेद के साथ बताना चाहती है कि यहाँ आज तक स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियमित ड्यूटी नही लगायी गयी। यूनियन को पता चला है कि सन् 2010 से सोनपुर मंडल चिकित्सालय में भी स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियमित ड्यूटी नही लगायी जा रही है जिससे रामाशीष चौक एवं कोनहाराघाट हाजीपुर स्थित रेलवे कॉलोनी में रह रहे 500 रेल कर्मचारियों के परिवार को ईलाज कराने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन यह मॉग करती है कि हाजीपुर स्थित पॉलीक्लिनिक में स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियमित ड्यूटी लगायी जाए ताकि रेलकर्मियों के परिवारों को परेशानियों से निजात दिलायी जा सके।	कार्यवृत्त–चयनोपरांत कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। टिप्पणी :बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत्त–समीक्षा की जायेगी। यूनियन द्वारा यह सुझाव दिया गया कि सोनपुर मंडल या पटना सुपर स्पेशलिएटी हॉस्पीटल में सप्ताह में एक दिन महिला चिकित्सक (प्रसूति विशेषज्ञ) की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय।
		प्रशासन विभाग के पुराने मद	
28	05/09/16 DGM(G)	मुख्यालय कला समिति के कलाकारों को पूर्वाभ्यास एवं वाद्ययंत्रों के सुरक्षित रखरखाव हेतु स्थायी कमरे की व्यवस्था :– मुख्यालय कला समिति के कलाकार के अभ्यास हेतु एवं वाद्य यंत्रों के समुचित रखरखाव के लिए सुरक्षित स्थान या कमरा मुख्यालय में उपलब्ध नही है।	कार्यवृत्त– यूनियन स्पेशियली रूप से डीजीएम/जी महोदय से मिलकर वाद्ययंत्रों के रख–रखाव हेतु कमरा की उपलब्धता हेतु जगह सुनिश्चित करेंगे। टिप्पणी : वाद्ययंत्रों के समुचित रखरखाव हेतु एक कमरे का विधिवत रूप से आवंटन वैशाली रेल प्रेक्षागृह के नीचे कर दिया गया है। कलाकारों के पूर्वाभ्यास हेतु वैशाली रेल प्रेक्षागृह सभागार का उपयोग किया जाता है। कार्यवृत–मुख्यालय कला समिति के कलाकारों को पूर्वाभ्यास हेतु वैशाली रेल प्रेक्षागृह के नीचे एक बडे कमरे का आवंटन सुनिश्चित किया जायेगा।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
29	03/03/09 DGM(G)	**नये प्रशासनिक भवन में कार्मिक, मेडिकल एवं इंजी0 विभाग के कर्मचारियों के बैठने के लिए आवंटित की गयी अपर्याप्त स्थान के संबंध में:–** नये प्रशासनिक भवन में कार्मिक, मेडिकल एवं इंजी0 विभाग के कर्मचारियों के लिए जो स्थान आवंटित की गयी है वह अपर्याप्त है। कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच आवंटित किये गये स्थान में काफी विषमता है। कर्मचारियों को कार्य करने हेतु जगह के संबंध में रेल परिषद द्वारा जारी निर्देश का पालन सही तौर पर नहीं किया गया है। इसके अलावे कार्मिक विभाग का कार्य अभी भी दोनों भवनों से किया जा रहा है, जो अप्रासंगिक प्रतीत होता है। यूनियन का मत है कि उक्त विभागों में कर्मचारियों के लिए निर्धारित जगह के अनुसार उनके बैठने की व्यवस्था की जाए जिससे कर्मचारी एक अच्छे एवं स्वस्थ्य वातावरण में अपना कार्य संपादित कर सके, साथ ही कार्मिक विभाग के सभी कार्यालयों को नये भवन में स्थापित किया जाए।	**कार्यवृत्त**–सभी विभागों से आवश्यकता को मॉगकर उसकी पूर्ति की जायेगी। मांगपत्र में निर्धारित मापदंड का उल्लेख होगा। **टिप्पणी** : चिकित्सा विभाग को नए भवन में स्थान आवंटित कर दिया गया है। चिकित्सा विभाग द्वारा वर्तमान स्थान को खाली कर देने के पश्चात अन्य जरूरतमंद विभागों को स्थान आवंटित करने पर विचार किया जायेगा। **कार्यवृत**–आवंटन में कार्मिक विभाग को प्राथमिकता दी जाएगी।
30	07/13/12 DGM/G	**सभी विभागों के महिलाओं हेतु कॉमन रूम की व्यवस्था:–** पूर्व मध्य रेल की स्थापना से अब तक महिलाओं हेतु किसी भी विभाग में कॉमन रूम की व्यवस्था नही की गयी है। यूनियन यह मॉग करती है कि सभी विभागों के महिलाओं हेतु कॉमन रूम की व्यवस्था की जाए।	**कार्यवृत्त**–बैठक में चर्चा उपरांत निर्णीत होगा। **टिप्पणी** :नये प्रशासनिक भवन के कैंटीन में महिलाओं हेतु कॉमनरूम उपलब्ध है। **कार्यवृत**– अन्य जगहों के लिए सभी विभागाध्यक्ष को पत्र लिखा जायेगा।
31	07/29/12 DGM/G	**नए प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों के बैठने की पर्याप्त जगह का अभाव:–** यूनियन के संज्ञान में यह बात आयी है कि नए प्रशासनिक भवन में कर्मचारियों के बैठने की पर्याप्त जगह का नितान्त अभाव है जिसके कारण कर्मचारियों को कार्यालय कार्य में असुविधा का सामना करना पड़ता है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि विभिन्न विभागों में खाली पड़े जगहों पर इंजीनियरिंग विभाग की तरह घेरकर उसे कार्यालय कार्य हेतु उपयोग में लाया जाए जिससे कर्मचारियों के बैठने की समस्या के अभाव को दूर किया जा सके।	**कार्यवृत्त**–प्रस्ताव प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। **टिप्पणी** :यह मामला इंजीनियरिंग विभाग से संबंधित है। बैठक में चर्चा होगी। **कार्यवृत**–भविष्य में इस पर यथोचित विचार किया जायेगा ।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
		भंडार विभाग के पुराने मद	
32	07/19/12 COS	**सभी विभागों के कर्मचारियों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना:–** यूनियन यह मॉग करती है कि सभी विभागों के समस्त कर्मचारियों को तौलिया, डस्टर, ग्लास, कलम, साबुन जैसी मूलभूत सुविधाऍं अविलम्ब उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए।	कार्यवृत्त– तौलिया डिपो में उपलब्ध है इसे शीघ्र उपलब्ध करायी जायेगी। टिप्पणी : बैठक मे चर्चा होगी। कार्यवृत–सामग्री उपलब्ध है, इस महीने के अंत तक इंडेंट कर्ता कोउपलब्ध करा दी जायेगी।
		विद्युत विभाग के पुराने मद	
33	01/09/16 CEE	**नये एवं पुराने प्रशासनिक भवन में Centralize AC की व्यवस्था :–** पूर्व मध्य रेल के मुख्यालय कार्यालय के दोनो प्रशासनिक भवनों में गर्मी के दिनों में कर्मचारियों को कमरों में बैठकर कार्य करने में काफी परेशानी होती है। क्योंकि भवन का निर्माण ही Centralize ACके आधार पर किया गया था।	कार्यवृत्त–जस्टीफिकेशन के साथ पीडब्ल्यूडी में इसे भेजा जायेगा। जिसकी जानकारी पत्र द्वारा यूनियन को कर दी जाएगी। टिप्पणी:दोनो प्रशासनिक भवनों में Centralized AC लगाने का प्रस्ताव संपूर्ण जस्टीफिकेशन के साथ पीडब्ल्यूपी 2019–2020 में रेलवे बोर्ड स्वीकृति हेतु इसे भेजा जायेगा। कार्यवृत–यथावत्।
		सुरक्षा विभाग(RPF) के पुराने मद	
34	03/09/16 CSC	**नये एवं पुराने भवन में कार्यरत कर्मचारियों की गाडी एवं स्वयं की सुरक्षा व्यवस्था :–** कार्यालय में आए दिन मोटरसाईकिल एवं साईकिल चोरी हो रही है, जिससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। यह भी देखा गया है कि मुख्यालय से कभी पंखा तो कभी कम्पयूटर भी चोरी हो गयी है, इसकी देखभाल करने वाला कोई नही है। अत: यूनियन यह मॉग करती है कि दोनो भवनों में सुरक्षा की व्यवस्था की जाए।	कार्यवृत्त–पुनरीक्षण किया जायेगा। टिप्पणी : निरीक्षक प्रभारी/रेलवे सुरक्षा बल/रिजर्व कम्पनी/मुख्यालय/हाजीपुर को निर्देशित किया गया है। कार्यवृत–यथावत्

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
		स्पोर्टस सेल के नये मद	
35	01/08/17 Sports Officer	<u>पदोन्नति में खिलाडियों को रेलवे बोर्ड द्वारा दिये जा रहे लाभ उपलब्ध कराने के संबंध में</u> :– अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों को आउट ऑफ टर्न पदोन्नति/वेतन वृद्धि का लाभ देने हेतु समय–समय पर रेलवे बोर्ड द्वारा दिशा–निर्देश प्राप्त होता रहता है। लेकिन पूर्व मध्य रेल में ऐसा देखा जा रहा है कि रेलवे बोर्ड के इस निर्देश का अनुपालन भली–भॉति नही हो रहा है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि इस संबंध में रेलवे बोर्ड के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।	टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत–दिनांक 16.09.16 को 11 कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु पत्र कार्मिक विभाग को भेजा जा चुका है। एक महीने के अंदर पदोन्नति की प्रकिया पूरी कर ली जायेगी।
		स्पोर्टस सेल के पुराने मद	
36	06/09/16 Sports Officer	पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में खिलाडियों के कैम्प लगने पर ठहरने की सुविधा :– पूर्व मध्य रेल के सभी मंडलों में खिलाडियों को कोचिंग या अभ्यास कैम्प लगाने पर उन्हे ठहरने की कोई सुविधा नही है, जिससे किसी खेल का अच्छे से कैम्प करवाया जा सके।	कार्यवृत्त–यह मद स्पोर्टस अधिकारी से संबधित है। टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत–धनबाद, मुगलसराय एवं हाजीपुर में अभ्यास कैम्प में खिलाड़ियों को ठहरने की व्यवस्था उपलब्ध है। अन्य मंडलों में ट्रेनिंग स्कूल में व्यवस्था की जाती है। अतः मद बंद किया जाता है।
		निर्माण संगठन के पुराने मद	
37	14/09/16 CAO(Con)	निर्माण संगठन में S&T Deptt के कर्मचारियों को वापस करने के संबंध में :– निर्माण संगठन में S&T Cons वर्ष 2012 में पटना आरआरआई के कार्य हेतु टेक्निकल एवं ग्रुप डी कर्मचारियों को विरमित किया गया था, जिनको कार्य समाप्ति के उपरांत उन्हें अपने विभाग में वापस करने के संबंध में।	कार्यवृत्त–मुसिदूई/निर्माण एवं ओपनलाईन से वार्ता करके तद्नुसार अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत–चर्चा उपरांत मद बंद किया जाता है।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
38	06/26/11 CAO/Con.	सुदूर क्षेत्र में कार्यरत निर्माण संगठन के कर्मचारियों को विश्रामालय की व्यवस्था :– सुदूर क्षेत्र एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत निर्माण विभाग के कर्मचारियों द्वारा उनके रात्रि विश्राम की कोई व्यवस्था नही है, जहाँ पर निर्माण विभाग द्वारा विश्रामालय बनाए जा रहे है उसमें मु0प्र0अ0/नि0 के आश्वासन के बावजूद कर्मचारियों के विश्रामालय की व्यवस्था नही है। उदाहरणस्वरूप राजगीर में निर्माणाधीन अधिकारी विश्रामालय में मु0प्र0अ0/नि0 के आश्वासन के बावजूद उसमें कर्मचारी विश्रामालय की व्यवस्था नही है। ज्ञातव्य हो कि लक्ष्य पूरा करने की स्थिति में कर्मचारी रात–रात तक काम करते है. लेकिन उनके रात्रि में विश्राम के लिए कोई विश्रामालय की व्यवस्था नही है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि सुदूर क्षेत्र में कर्मचारियों के विश्रामालय की व्यवस्था न होने की स्थिति में उन्हें उनके पद के अनुसार होटलों, लॉजों में रहने पर उनके बिल का भुगतान फूटकर बिल के माध्यम से करने की व्यवस्था की जाए।	**कार्यवृत्त**–हजारीबाग, बरकाकाना, सरायगढ़/सहरसा, कोडरमा में विश्रामालय उपलब्ध होगा। **टिप्पणी** : बैठक में चर्चा होगी। **कार्यवृत**–राजगीर में पुराने रेस्ट हाउस की छत की ढलाई हो चुकी है। उसको रिमॉडलिंग करके तीन माह के अंदर पूरा कर उपलब्ध करा दिया जायेगा। होटलकी व्यवस्था मान्य नहीं है। अतः मद बंद किया जाता है।
		निर्माण संगठन के नये मद	
39	01/12/17 CAO/CON	<u>निर्माण संगठन में सुदूर क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के लिए सभी संविदा में व्हिकल की व्यवस्था करना</u> :–निर्माण संगठन में कार्यरत कर्मचारी के सुदूर क्षेत्र जहाँ कनेक्टिवीटि का अभाव है तो उन्हें उनके मुख्यालय से साईट पर जाने में बहुत ही कठिनाईयों का सामना करना पडता है तथा कार्य प्रारंभ होने के दिनों में वहाँ रहने की व्यवस्था का घोर अभाव होता है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि सभी संविदाओं में जो निर्माण संगठन से निकाले जाते हैं, उसमें कर्मचारियों को साईट से सुलभ जगह या मुख्यालय आने जाने के लिए सवारी की व्यवस्था हो, जिससे कि देर तक कार्य निष्पादन में कर्मचारियों को कठिनाईयों का सामना न करना पडे।	**टिप्पणी** : इस संबंध में उपमुई/नि/उत्तर द्वारा अभियुक्ति मॉगी गई है। उनके कार्यालय द्वारा कार्यवाही की जा रही है। प्रत्युत्तर लंबित है। **कार्यवृत**–सभी प्राक्कलन में कर्मचारियों के आने जाने के लिए गाड़ी की व्यवस्था की जायेगी। जिस कार्यस्थल पर जाने के लिए ट्रेन की सुविधा नहीं है वहाँ के लिए सुदूर क्षेंत्र में जाने के लिए प्रत्येक संविदा में एक व्हेकिल की व्यवस्था की जायेगी।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति / टिप्पणी
40	01/13/17 CAO/CON	<u>निर्माण संगठन में संरक्षा कोटि के कर्मचारियों के कमी को भरने की व्यवस्था की जाये</u> :– निर्माण संगठन में संरक्षा कोटि के क्षेत्र में काम करने वाले संरक्षा कोटि के कर्मचारियों का घोर अभाव है। ओपेन लाईन में कार्य करने की स्थिति में लोहार, ट्रैकमेन, हैमरमैन, सिग्नल इंटरलॉकिंग मेन्टेनर इत्यादि कर्मचारियों का घोर अभाव हो गया है, जिसके चलते निर्माण संगठन में संरक्षा अति प्रभावित हो रही है तथा कार्य करने वाले कर्मचारियों पर कार्य के अत्यधिक बोझ के चलते उन्हें बराबर दंडित होने का भय सताता रहता है। अतः इन कर्मचारियों को पदस्थापना करने की व्यवस्था की जाए। निर्माण विभाग में नन–इंटरलॉकिंग एवं ब्लॉक के समय फेसिंग प्वांइट एवं विमुख काटों के सेटिंग में लोहार हैमरमेन इत्यादि के कमी के कारण आये दिन ब्लॉक ब्रस्ट हो रहें हैं तथा कशल विभागीय स्टाफ के अभाव में संरक्षा प्रभावित हो रही है। अतएव यूनियन यह मॉग करती है कि संरक्षा कोटि के इन कर्मचारियों को निर्माण संगठन में होने वाले कमी को दूर करने का प्रयास किया जाय।	टिप्पणी : इस संबंध में मुख्य कार्मिक अधिकारी, हाजीपुर को निर्माण संगठन में दिनांक 04.12.2015 के जेपीओ के अनुसार विकल्प प्राप्त कर रिक्तियों को भरने हेतु तत्कालीन मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / दक्षिण की तरफ से दिनांक 12.09.2016 को तथा उपमुकाधि / निर्माण की तरफ से अनुस्मारक के रूप में दिनांक 14.10.2016 को अनुरोध पत्र भेजा जा चुका है। अपेक्षित परिणाम अभी तक नही मिल सका है। कार्यवृत–रिक्तियों को भरने के लिए option call किया जायेगा।
41	01/13/17 CAO/CON	<u>निर्माण संगठन के फिल्ड यूनिटों में कर्मचारियों के वर्दी इत्यादि की आपूर्ति</u> :– निर्माण संगठन के सभी फिल्ड यूनिटों में आज वर्षों से कर्मचारियों के देय वर्दी की आपूर्ति नही की जा रही है। अतएव यूनियन यह मॉग करती है कि सभी फिल्ड यूनिटों के इंचार्ज को यह निर्देशित किया जाये और निर्माण संगठन के मुख्यालय / महेन्द्रुघाट द्वारा उनके सभी बाधाओं को दूर करके फिल्ड यूनिटों को वर्दी की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाय।	टिप्पणी : फिल्ड यूनिटों में वर्दी की आपूर्ति की जा रही है। तथापि यदि किसी Particular fild Unit में आपूर्ति बाधित हुआ हो तो इसकी सूचना यूनियन / स्टाफ द्वारा प्राप्त होने पर समुचित कार्रवाई की जायेगी। कार्यवृत–निर्माण संगठन सभी इकाईयों से एक पत्र देगा कि वर्दी हेतु इंडेंट भंडार को दें, जिसकी प्रति उपमुकाधि / निर्माण और भनि / हाजीपुर को भी दें। यूनियन सभी विभागों से इंडेंट भंडार विभाग को भेजवाने की व्यवस्था करेंगें।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
42	01/13/17 CAO/CON	<u>निर्माण संगठन के फिल्ड यूनिटों के कर्मचारियों के एसीआर/एपीआर को समय से लिखना एवं उन्हें कर्मचारियों में बॉटने की व्यवस्था करना</u> :– यूनियन के यह संज्ञान में आया है कि निर्माण संगठन के इंजीनियरिंग एवं विद्युत विभाग के किसी भी कर्मचारी जो फील्ड यूनिटों में कार्यरत हैं, उन्हें आजतक एसीआर/एपीआर की कॉपी उपलब्ध नही करायी गयी है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि एसीआर/एपीआर का सही समय से लिखा जाय एवं उसकी प्रति संबंधित कर्मचारियों को उपलब्ध करायी जाय।	टिप्पणी : निर्माण संगठन के इंजीनियरिंग एवं विद्युत विभाग के फील्ड यूनिटों में कार्यरत कर्मचारी का APAR समय से लिखे जाने एवं उसकी प्रति संबंधित कर्मचारियों को उपलब्ध कराने हेतु सर्वसंबंधित को पूर्व में ही निर्देश परिपत्रित किया जा चुका है एवं समय समय पर इस मामले की चेजिंग भी की जाती है। **कार्यवृत**–सभी उपमुख्य इंजीनियर, उपमुख्यविद्युत इंजीनियर, उपमुसिदूई/नि.को एक पत्र के द्वारा दिशा–निर्देश दिया जायेगा कि सभी कर्मचारियों का अपार/एसीआर लिखकर उसको स्वीकृत कराकर छायाप्रति कर्मचारियों को उपलब्ध कराने के पश्चात् सीएओ/कॉन को सूचित किया जाय।
43	01/14/17 CAO/CON	<u>निर्माण संगठन के मुख्यालय, महेन्द्रूघाट में पदस्थापित ट्रैकमेन कर्मचारियों को फील्ड में विरमित करने के संबंध में</u> :– निर्माण संगठन में पदस्थापित ट्रैकमेन के [illegible]योजना का लाभ नही दिया जा रहा है क्योंकि ये कर्मचारी फिल्ड में कार्यरत नही है और संरक्षा संबंधित कोई कार्य निष्पादन नही कर रहें हैं। जो भी कर्मचारी मुख्यालय निर्माण में पदस्थापित हैं वे प्रशासनिक आधार पर ही पदस्थापित हैं, लेकिन [illegible]योजना के तहत इनको लाभ से वंचित किया जा रहा है। इसमें इन कर्मचारियों का कोई दोष नही है। अतः यूनियन मॉग करती है कि मुख्यालय निर्माण संगठन में जो भी ट्रैकमेन पदस्थापित हैं, उन्हें या तो LARSGESSयोजना के तहत लाभ दिया जाये, नही तो उन्हें ट्रैक में काम करने के लिए नियमानुसार स्थानांतरित किया जाय।	टिप्पणी : यह मामला रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित नीतियों के अनुरूप संपादित किया जाता है तथापि यदि कोई ट्रैकमैन स्वेच्छा से अपने मूल संवर्ग में वापस होना चाहता है तो उसके द्वारा उचित माध्यम से प्राप्त आवेदन पर विचार किया जा सकता है। इस संबंध में उल्लेखनीय है कि रेलवे बोर्ड के परिपत्र आरबीई 131/2014 के प्रावधानों के अनुसार लार्सजेस योजना के तहत वैसे रेलकर्मियों के बच्चों की नियुक्ति का मामला विचारणीय होता है, जिसने 20 वर्ष से ज्यादा अर्हक सेवा पूरी की हो और अंतिम 10 वर्ष की सेवा सीधे संरक्षा कोटि से संबद्ध हो। ऐसी परिस्थिति में यदि कोई रेलकर्मी आज की तिथि से अपने मूल पद पर Repateriate होता है तो उसके अंतिम 10 वर्ष संरक्षा कोटि के रूप में कार्य करने की गणना उसके नये सिरे से योगदान देने की तिथि से की जाएगी, जिससे रेल कर्मचारियों का उद्देश्य पूरा नही हो पायेगा। **कार्यवृत**–उपमुख्य अभियंता/निर्माण एवं मुख्य अभियंता/निर्माण के साथ जो ट्रैकमेन या ट्रैकमेंटेनर एटैच हैं वे लाईन में उनके साथ जाकर संरक्षा से संबंधित कार्य

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
			का निष्पादन करते हैं इसलिए लारजेस स्कीम में नौकरी के ख्याल से उसे संरक्षा कोटि की श्रेणी में माना जायेगा और उनका फार्म/आवेदन लारजेस स्कीम के लिए consider किया जायेगा। अतः मद बंद किया जाता है।
44	01/15/17 CAO/CON	<u>निर्माण संगठन के मुख्यालय, महेन्द्रूघाट पटना के कार्यालयों में शुद्ध पीने के लिए पानी की व्यवस्था</u> :– निर्माण संगठन, मुख्यालय, महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालयों में शुद्ध पीने के लिए पानी की व्यवस्था नही है। कर्मचारी अपने पैसों से पानी खरीद कर प्रति जार 50/– रूपया लगभग 20 जार प्रतिदिन के हिसाब से मँगा कर पीते हैं। यह प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि निर्माण संगठन के मुख्यालय स्थित कार्यालयों में पीने के लिए शुद्ध पानी की व्यवस्था की जाय।	टिप्पणी : निर्माण संगठन के मुख्यालय स्थित कार्यालयों में शुद्ध पानी हेतु आरओ एवं वाटर प्यूरीफायर की व्यवस्था पूर्व से ही उपलब्ध है। कार्यवृत–निर्माण विभाग/महेन्द्रूघाट मेंजितने भी वाटर प्यूरीफायर लगे हैंये चाहे एसबीएफ से हों या विभागीय हों। सभी को विद्युत विभाग के लेजर में इंदराज करते हुए एएमसी किया जायेगा।
		पुराने संयुक्त मद	
45	03/05/09 PCE DGM (G) CEE	**नये एवं पुराने प्रशासनिक भवन में शुद्ध पेयजल के व्यवस्था हेतु**:– पूर्व मध्य रेल मुख्यालय कार्यालय, हाजीपुर के स्थापित हुए आज लगभग 06 वर्ष व्यतीत होने जा रहा है, परंतु दुर्भाग्यवश रेल प्रशासन द्वारा मुख्यालय में पदस्थापित कर्मचारियों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था आजतक नहीं हो सकी है। इसके अलावे पानी का समुचित सप्लाई एवं टंकी की सफाई समय से नहीं हो रहा है। मुख्यालय भवन में लगे प्रायः सभी वाटर कूलर खराब पड़े हुये है। इस संबंध में मुख्य विद्युत इंजीनियर से भी संपर्क किया गया, जिसपर कार्रवाई अपेक्षित है। कोनहाराघाट एवं रामाशीष चौक स्थित रेलवे कॉलोनी में भी यह समस्या विकट है। इस संबंध में यूनियन द्वारा सभी फोरम पर इस मामले को उठाया गया परंतु मुख्यालय रेल प्रशासन द्वारा इसको कभी भी गंभीरता से नहीं लिया	कार्यवृत्त–यूनियन और प्रशासन के बीच चर्चा के उपरांत एक सहमति हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि मुख्यालय के नये एवं पुराने प्रशासनिक भवन में लगे आर.ओ. को संयुक्त रूप से हर तीन माह पर विद्युत, इंजी. के अधिकारी एवं युनियन प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया जाएगा। **इंजी0 विभाग की टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी।** **प्रशासन विभाग की टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी।** **विद्युत विभाग की टिप्पणी** : यूनियन और प्रशासन के

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
		गया। आज दोनों भवनों में कार्य करने वाले कर्मचारियों को शुद्व पेयजल हेतु रेल परिसर से बाहर जाना पड़ता है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण एवं खेदजनक बात है। पहले बाहरी व्यक्ति रेल परिसर में स्थापित पेयजल का प्रयोग करते थे और आज रेलवे के लोग पेयजल के लिए अन्यत्र भटकते है। शुद्व पेयजल को लेकर कर्मचारी में काफी असंतोष है। उक्त को देखते हुए यूनियन पुनः प्रशासन से मॉग करती है कि मुख्यालय के दोनो भवनों में शुद्व पेयजल हेतु कारगर कदम उठाये जाये तथा सभी पेयजल स्थान पर आर0 ओ0 प्लांट की व्यवस्था की जाए।	मध्य चर्चा के उपरांत एक सहमति हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि मुख्यालय के नये एवं पुराने प्रशासनिक भवन में लगे आरओ को संयुक्त रूप से हर तीन माह पर विद्युत, इंजी0 के अधिकारी एवं यूनियन प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया जायेगा। आरओ लगे स्थानों पर विभाग द्वारा विद्युत की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी। कार्यवृत–जहॉ–जहॉ आर.ओ लगे हैं वहॉ उस मशीन पर एक स्टिकर पर सम्पर्क नं. एएमसी का हो, जिसे कॉल कर बुलाया जाय और मेंटेनेंस कार्य किया जायेगा। विभागवार इसकी मेंटेनेंस पर कार्य करने के पश्चात् इसे रजिस्टर में दर्ज भी करेंगे। कुछ आर.ओ. जो विभाग द्वारा लगाये गये हैं उन्हें लेजर में दर्ज किया जायेगा और उसे एएमसी द्वारा मरम्मत किया जायेगा।
46	04/08/10 COS CAO/Con.	निर्माण संगठन में कार्यरत कर्मचारियों को वर्दी, जूता आदि की आपूर्ति नही होने के संबंध में :– जब से पूर्व मध्य रेल का निर्माण हुआ तब से आज तक निर्माण संगठन के किसी भी कर्मचारी को वर्दी की आपूर्ति नही हुई है। इस संबंध में यूनियन के साथ वार्ता में प्रशासन ने बार–बार एक महीने का समय लिया, लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा एवं लापरवाही के चलते आज तक वर्दी की आपूर्ति नही हो सकी। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि निर्माण संगठन में जाड़ा, गर्मी एवं बरसात के हिसाब से देय कर्मचारियों को वर्दी एवं जूता की आपूर्ति/उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।	कार्यवृत्त–Dy.CMM ने सुनिश्चित किया है सभी बर्दी एक साथ मिला करेंगें सभी विभागों को इंडेंट समय से प्रेषित किया जाना चाहिए। भंडार विभाग की टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। निर्माण संगठन की टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत–इंडेंट के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। फिर भी समीक्षा की जाएगी कि किसे आपूर्ति नहीं की गयी है, उसे आपूर्ति कर दिया जाएगा।
47	06/09/11 All PHODs	ACR(APAR)की प्रति कर्मचारियों को उपलब्ध करवाना :– यूनियन को यह ज्ञात हुआ है कि अभी तक अधिकांश विभागों के कर्मचारियों को रेलवे बोर्ड के निर्देश के आलोक में ACR(APAR)की प्रति उपलब्ध नही कराई गई है। ज्ञात हो कि इस संबंध में माननीय शाखा अध्यक्ष महोदय द्वारा पीएनएम के Out of	कार्यवृत्त–इंजीनियरिंग विभाग में वर्ष 2014–15 का एसीआर लिखे जाने के उपरांत उसकी छायाप्रति संबंधित कर्मचारियों को उपलब्ध करा दी जाती है। लेखा विभाग की टिप्पणी : लेखा विभाग के सभी कर्मचारियों को वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 का वार्षिक

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
		Agendaके अंतर्गत मामला उठाया गया था जिसमें कर्मचारियों को ACR(APAR)की प्रति उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। अतः यूनियन मॉग करती है कि कर्मचारियों को बकाया वर्षो की ACR(APAR)की प्रति अविलम्ब उपलब्ध कराई जाए।	निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट पूर्ण होने के उपरांत छायाप्रति अविलंब उपलब्ध कराई जायेगी।यांत्रिक विभाग की टिप्पणी : यांत्रिक विभाग के कर्मचारियों को एसीआर की छायाप्रति प्रतिवर्ष समय से उपलब्ध कराई जाती है। चिकित्सा विभाग की टिप्पणी : चिकित्सा विभाग में एसीआर की प्रति कर्मचारियों को समयानुसार उपलब्ध करायी जाती है। विद्युत विभाग की टिप्पणी : विद्युत विभाग में एसीआर की प्रति कर्मचारियों को समयानुसार उपलब्ध करायी जाती है। परिचालन विभाग की टिप्पणी : परिचालन विभाग में सभी कर्मचारियों को एपीएआर की छायाप्रति मूल्यांकन रिपोर्ट पूर्ण होने के उपरांत दी जाती है।
			वाणिज्य विभाग की टिप्पणी : नियमानुसार सभी कर्मचारियों को एपीएआर की छाया प्रति उपलब्ध करायी जाती है। इंजीनियरिंग विभाग की टिप्पणी : इंजीनियरिंग विभाग के सभी कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष ACR(APAR)की छाया प्रति उपलब्ध करा दी जाती है। कार्यवृत– उपलब्ध करा दी जायेगी।
48	06/10/11 CMD Dy.CPO/HRD	केन्द्रीय अस्पताल, पटना का कैडर क्लोज करने के संबंध में :– यूनियन को यह ज्ञात हुआ है कि सेंट्रल हॉस्पिटल, पटना में बाहर से आनेवाले कर्मचारियों हेतु कैडर को ओपेन रखा गया है जिससे पूर्व से पदस्थापित कर्मचारियों में अपने–अपने वरीयता को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। ज्ञात हो कि चिकित्सा निदेशक महोदय ने कैडर क्लोज करने हेतु महाप्रबंधक(का0)/हाजीपुर को पत्र भी लिखा है। अतः यूनियन कर्मचारियों के संशय तथा चिकित्सा निदेशक महोदय के पत्र के आलोक में कैडर क्लोज करने की तिथि यथाशीघ्र निर्धारित करने की मांग करती है।	कार्यवृत्त–कुछ कर्मचारियों की पदस्थापना प्रकिया में है। पदस्थापना उपरांत कैडर क्लोज पर विचार किया जायेगा। चिकित्सा विभाग की टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्मिक विभाग की टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत– यथावत।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
49	07/06/12 PCE CEE CSTE	मुख्यालय का Zonal workएवं Maintenance work:– मुख्यालय का Zonal Workएवं Maintenance workतथा कोनहारा एवं रामअशीष चौक स्थित रेलवे क्वार्टर की Maintenance workसोनपुर मंडल के अधीन न कराकर मुख्यालय स्तर से कराया जाए जिसके तहत मुख्यालय में इसके लिए स्पेशल तौर पर एक DEN/HQ, DEE/HQएवं एक DSTE/SPL/HQकी पदस्थापना कराया जाए ताकि मुख्यालय स्तर का सभी कार्य तुरंत निष्पादन हो सके। मुख्यालय में Zonal Workएवं अन्य मद के तहत Sanction workसोनपुर मंडल द्वारा किए जा रहे कार्य की एक प्रति ईसीआरकेयू मुख्यालय शाखा को प्राप्त करवाने की व्यवस्था करें ताकि प्राइवेट एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानक स्तर एवं गुणवत्ता के तहत सही रूप से करवाया जा सके जिससे कार्य में पारदर्शिता हो सकेगा।	कार्यवृत्त– मुख्यालय स्तरीय मेंटेनेंस वर्क पर अध्यक्ष/स्थायी वार्त्ता तंत्र (मुकाधि/प्रशासन) द्वारा सहमति प्रदान की गयी। इंजी0 विभाग की टिप्पणी : इस पर विचार किया जा रहा है। विद्युत विभाग की टिप्पणी : नोट किया गया। एसएण्डटी विभाग की टिप्पणी : बैठक में चर्चा होगी। कार्यवृत्त–इसे महाप्रबंधक स्तरीय स्थायी वार्ता तंत्र में रखा जाय।
50	07/11/12 PCE CEE	केन्द्रीकृत Water Purifier R.O.की स्थापना:– वर्तमान में मुख्यालय के सभी विभागों में पीने के शुद्ध पानी का अभाव देखा जा रहा है जिसकी वजह से अनेक कर्मचारी बीमार पड़ जा रहे हैं। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि अविलम्ब केन्द्रीकृत Water Purifier R.O.की स्थापना की जाए ताकि कर्मचारियों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा सके।	कार्यवृत्त–मार्केट सर्वे करके खर्च का अनुमानित प्रस्ताव इंजीनियरिंग विभाग द्वारा तैयार किया गया है जिस पर अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी। इंजी0 विभाग की टिप्पणी : मुख्यालय के नये भवन में कुल 24 आर0ओ0 लगाये गये है जिसमें 50एलपीएच के–06, 25 एलपीएच के–06 एवं 08 एलपीएच के–12 आर0ओ लगाये गये है। मुख्यालय के पुराने भवन में 50 एलपीएच के–04 एवं 8 एलपीएच के–09 आर0ओ0 लगाये गये है। इसके एएमसी हेतु प्रकिया चल रही है फिर भी अगर कोई आर0ओ खराब होता है तो उसे ठीक करा दिया जाता है। (सलंगन–एनेक्सचर 'A') कार्यवृत–यथावत।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
51	07/12/12 All PHOD	**सभी विभागों हेतु Modular furnituresकी पूर्ण व्यवस्थाः–** पूर्व मध्य रेल को स्थापित हुए 10 वर्ष हो गए हैं। यह जोन हाइटेक जोन के नाम से जाना जाता है, लेकिन आज तक यहाँ कार्यरत कर्मचारियों हेतु बैठने के लिए कुर्सी–टेबुल की व्यवस्था नही की गयी है। यूनियन यह मॉग करती है कि कर्मचारियों के कार्यालय कार्य में सुगमता लाने हेतु सभी विभागों के समस्त अनुभागों में मॉड्यूलर फर्नीचर लगवाया जाए।	**कार्यवृत्त–** प्रत्येक विभाग के विभागाध्यक्ष द्वारा कॉनसेंट लेकर मोडुलर चेयर उपलब्ध कराया जायेगा। **यांत्रिक विभाग की टिप्पणी** : यांत्रिक विभाग के कार्यालय में मोडुलर फर्नीचर की आपूर्ति वर्षों पूर्व कर दी गई है। **लेखा विभाग की टिप्पणी** : समय–समय पर आवश्यकतानुसार फर्नीचर की खरीद की जाती है। लेखा विभाग में मोडुलर फर्नीचर की खरीद पर विचार किया जा रहा है। **विद्युत विभाग की टिप्पणी** : विद्युत विभाग द्वारा समय समय पर आवश्यकतानुसार फर्नीचर की खरीद की जाती है। **परिचालन विभाग की टिप्पणी** : परिचालन विभाग में मोडुलर फर्नीचर लगाने हेतु प्रस्ताव प्रक्रियाधीन है।इस मामले में हुई प्रक्रिया की जानकारी पत्र द्वारा यूनियन को दी जायेगी। **वाणिज्य विभाग की टिप्पणी** : वाणिज्य विभाग मुख्यालय में कर्मचारियों के बैठने हेतु माडुलर फर्नीचर का प्रस्ताव फंड की अनुपलब्धता के कारण प्रक्रियाधीन है। **इंजीनियरिंग विभाग की टिप्पणीः** इंजीनियरिंग विभाग में मॉड्यूलर फर्नीचर लगवा दिया गया है। **कार्यवृत–** कुछ विभागों में उपलब्ध है एवं कुछ विभागों में उपलब्ध कराया जा रहा है। भंडार विभाग में इसे अविलम्ब प्रकिया में लाकर उपलब्ध कराया जायेगा।
52	07/14/12 All PHOD	**सभी विभागों के BOS का पुनः निरीक्षणः–** यूनियन यह मॉग करती है कि कर्मचारियों के Work Loadको देखते हुए Books of Sanction (BOS)का पुनः निरीक्षण कर अग्रेतर कारवाई सुनिश्चित करवाई जाए।	**कार्यवृत्त–** यूनियन द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित बीओएस की प्रति उपलब्ध कराने उपरांत कार्यवाही की जायेगी। **यांत्रिक विभाग की टिप्पणी** : बीओएस का पुनरीक्षण आवश्यकतानुसार समय समय पर की जाती है। **लेखा विभाग की टिप्पणी** : लेखा विभाग के बीओएस की समीक्षा की जाती है एवं आवश्यकतानुसार कार्यप्रभृत पदों का सृजन भी किया जाता है।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
			विद्युत विभाग की टिप्पणी : विद्युत विभाग में बीओएस की समीक्षा आवश्यकतानुसार समय समय पर की जाती है। परिचालन विभाग की टिप्पणी : परिचालन विभाग में बीओएस की समीक्षा की जाती है और आवश्यकतानुसार कार्यप्रभृत पदों का सृजन भी किया जाता है। वाणिज्य विभाग की टिप्पणी : फिलहाल वर्तमान बीओएस प्रभावी है। इंजी0 विभाग की टिप्पणी : इंजीनियरिंग विभाग में इसकी समीक्षा की जा रही है। कार्यवृत–BOS Vetting करवाना एक Rutine work है जिसे प्रत्येक वर्ष अप्रैल में vetting करवायी जाती है।
		कोनहाराघाट रेलवे कॉलोनी में सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाः– यूनियन यह मॉग करती है कि कोनहाराघाट स्थित रेलवे क्वार्टरों में सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधा अविलम्ब उपलब्ध कराई जाए।	कार्यवृत्त– कोनहारा घाट रेलवे कॉलोनी में सुरक्षा हेतु मुख्य सुरक्षा आयुक्त/हाजीपुर द्वारा स्थानीय पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा संबंधी वार्त्ता कर समस्या का समाधान किया जायेगा। और इसकी एक प्रति मुख्यालय शाखा/हाजीपुर के यूनियन को भी उपलब्ध करायी जायेगीं।
53	07/17/12 CSC CMD		सुरक्षा विभाग की टिप्पणी : मण्डल सुरक्षा आयुक्त/रेलवे सुरक्षा बल/पूमरे/सोनपुर को निर्देशित किया गया है। चिकित्सा विभाग की टिप्पणी : यह पॉलिसी मेटर है। कार्यवृत–Play स्कूल के लिए महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा से अनुरोध किया जायेगा। <u>अतः यह मद बन्द किया जाता है।</u>
		नये संयुक्त मद	
54	01/03/17 Dy.CPO(HRD) FA&CAO	मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के छुट्टी का लेखा–जोखा उपलब्ध कराने के संबंध में :– प्रायः देखा जा रहा है कि कर्मचारियों की छुट्टी की अद्यतन स्थिति सभी विभागों में उपलब्ध नहीं रहने के कारण सेवानिवृति, औसत वेतन अवकाश के नकदीकरण एवं दूसरे विभाग में स्थानांतरण के समय	लेखा विभाग की अभ्युक्ति : मुख्यालय लेखा विभाग के कर्मचारियों की छुट्टी उनके सेवा पुस्तिका से पूर्णरूप से अद्यतन की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। लेखा विभाग में सेवा निवृत्ति एवं औसत वेतन अवकाश का नकदीकरण एवं स्थानांतरण संबंधी मामलों में किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं पायी

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
		छुट्टी के संबंध में असमंजस की स्थिति रहती है और इस कारण कर्मचारियों को अनावश्यक भाग–दौड करना पडता है। अतः यूनियन मॉग करती है कि मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों के छुट्टी की विधिक्षित प्रति प्रत्येक छह महीने में सभी विभागों को उपलब्ध कराई जाए ताकि अपनी छुट्टी के संबंध में कर्मचारियों में कोई भ्रम की स्थिति नहीं रहे।	गयी है एवं कोई मामला भी लंबित नहीं है। **कार्मिक विभाग की अभ्युक्ति :** सभी विभागों से उपस्थिति पत्रक की प्रति संबंधित संवर्ग को प्राप्त होने पर छुट्टी शीट को अद्यतन किया जाता है, अतः संबंधित विभाग के पास छुट्टी की अद्यतन स्थिति होती है। छुट्टी विधीक्षण करायी जा सकती है। इस संबंध में कार्मिक एवं लेखा विभाग की सहमति से संयुक्त कार्यादेश/जेपीओ बनाया जा सकता है। कार्यवृत–छुट्टी तालिका को 2017 तक अद्यतन कर लिया जाएगा।
55	01/07/17 PCE CMD	<u>संबंधित विभाग के नोडल कर्मचारी द्वारा आरओ के सही होने का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के संबंध में</u>:– अनेक विभागों के कर्मचारियों से ऐसी शिकायतें प्राप्त हो रही है कि आरओ की सही स्थिति नही होने के बावजूद मेन्टेनेन्स ऑथरिटी से इसको सही होने का दावा किया जाता है, जो कि विवाद का कारण बनता है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि प्रत्येक विभाग के एक नोडल कर्मचारी जो विभाग के साफ–सफाई के लिए नामित है, उनको आरओ के सही होने के संबंध में प्रमाण पत्र देने का अधिकार सौंपा जाए।	**चिकित्सा विभाग की अभ्युक्ति :** चिकित्सा विभाग में रेल प्रशासन द्वारा आर.ओ नही लगाया गया है। श्री अजय श्रीवास्तव, एच.आई/मुख्यालय को पानी की गुणवत्ता जॉच हेतु नामित किया जाता है। जो पानी की शुद्धता होना प्रमाणित करेंगे एवं पानी की शुद्धता प्रमाण पत्र जारी करेंगे। **इंजी0 विभाग की अभ्युक्ति : बैठक में चर्चा होगी।** कार्यवृत–विद्युत विभाग के रजिस्टर में सभी आर.ओ. को इंदराज किया जायेगा तदुपरांत मेंटेनेंस किया जायेगा। यूनियन द्वारा आग्रह किया गया कि प्राइवेट कम्पनी द्वारा आर.ओ. फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर ए.एम. सी. दें तथा संबंधित विभाग के नोडल कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाय। आरओ के एएमसी लिये गये प्राईवेट एजेन्सी द्वारा आरओ सही होने के प्रमाण पत्र पर जिस प्रकार प्रशासन विभाग द्वारा साफ–सफाई के प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर होता है, ठीक इसी प्रकार हस्ताक्षर कराया जाना चाहिए।

क्रम सं0	मद संख्या एवं नोडल अधिकारी	मद का विवरण	अद्यतन अभ्युक्ति/टिप्पणी
	01/09/17	<u>वाणिज्य विभाग/कार्मिक विभाग/लेखा विभाग में संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में</u> :– ऐसा देखा जा रहा है कि वाणिज्य/कार्मिक/लेखा विभाग में कम्पयूटर, प्रिंटर, पेपर, कार्टिज आदि का घोर अभाव है, जिससे कर्मचारियों को कार्यालयी–कार्य करने में न सिर्फ काफी परेशानियों का सामना करना पडता है, बल्कि इसमें अनावश्यक समय की बर्बादी होती है और अधिकारियों के कोपभाजन का शिकार होना पडता है। अतः यूनियन यह मॉग करती है कि वाणिज्य/कार्मिक/लेखा विभाग में आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।	लेखा विभाग की अभ्युक्ति : लेखा कार्यालय में कम्प्यूटर, प्रिंटर, कार्टिज, पेपर आदि का अभाव है। जिससे कर्मचारी को कार्यालयी कार्य करने में परेशानी होती है। इसमें सुधार के लिए भंडार विभाग को मांग पत्र बनाकर दिया जा चुका है, जो कि प्रक्रियाधीन है। जैसे ही सामग्री इस कार्यालय को प्राप्त होगी, उसे कर्मचारियों को उपलब्ध करा दिया जायेगा। **वाणिज्य विभाग की अभ्युक्ति** : वाणिज्य विभाग मुख्यालय में कार्य हेतु कम्पयूटर, प्रिंटर, पेपर इत्यादि उपलब्ध है। वर्तमान में 60 कम्पयूटर 85 यूपीएस एवं 20 प्रिंटर क्रय हेतु मॉग भंडार विभाग को भेजा गया है। समय समय पर आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है। **कार्मिक विभाग की अभ्युक्ति** :कार्मिक विभाग में प्रिंटर, पेपर, कार्टिज आदि का अभाव नही है। कुछ कम्प्यूटर को कंडम किये जाने के कारण कुछ अनुभाग में कम्प्यूटर की कमी है।
56	CCM APO(Bill) FA&CAO		बदलाव के आधार पर 22 अदद कम्पयूटर की आपूर्ति हेतु मॉग पत्र सं 0806880840 दिनांक 08.10.15 भंडार विभाग को भेजा गया था, जिसके आलोक में क्रय आदेश सं0 17/15/6169/2/15841 दिनांक 30.03.16 जारी किया गया। फर्म द्वारा आपूर्ति नही किये जाने के कारण उक्त क्रय आदेश को भंडार विभाग द्वारा निरस्त कर ओपेन टेंडर किया गया, जिसे दिनांक 12.05.17 को खोला गया है, जिसका क्रय आदेश भंडार विभाग द्वारा जारी किया जाना है। उपरोक्त के अतिरिक्त मुकाधि कोटा के तहत 10 अदद कम्पयूटर एवं प्रिंटर खरीदने की प्रक्रिया भंडार विभाग में प्रक्रियाधीन है। सामग्री उपलब्ध होते ही कार्मिक विभाग के विभिन्न अनुभागों को उपलब्ध कर दिया जायेगा। कार्यवृत–रेलवे बोर्ड के दिशानिर्देशानुसार कम्प्यूटर के प्रिंटर, टोंनर और कार्टेज को कंजुएबेल मानते हुए एसओपी में संशोधन की आवश्यकता है। ताकि नये सामग्री कय करना सुविधाजनक हो।